दैनिक भास्कर 07/02/2026

छात्रों को मिला कॅरियर का नया रोडमैप

अम्बाला | राजीव गांधी गवर्नमेंट कॉलेज साहा में विद्यार्थियों के करियर विकास और रोजगारोन्मुखी कौशल को ध्यान में रखते हुए प्लेसमेंट सेल और कंप्यूटर साइंस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं डिजिटल मार्केटिंग पर दो विशेष विशेषज्ञ व्याख्यानों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में जीएमएन कॉलेज कैंट की सहायक प्राध्यापिका डॉ. गीता कौशिक ने विद्यार्थियों को एआई की मूल अवधारणा, इसके विभिन्न उपयोगों, प्रॉम्प्ट लेखन की तकनीक तथा एआई के सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने गामा एआई के माध्यम से व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया और बताया कि किस तरह एआई की मदद से असाइनमेंट तैयार किए जा सकते हैं। साथ ही विद्यार्थियों को ऑनलाइन फ्रीलांसिंग के अवसरों से भी अवगत कराया। द्वितीय सत्र में जीएमएन कॉलेज की सहायक प्राध्यापिका डॉ. दिशा अरोड़ा ने डिजिटल मार्केटिंग को सरल और रोचक अंदाज में समझाया। प्राचार्या रेणु ऋषि के सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।